प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड, भोपाल
"चयन भवन" ,मेन रोड नं. 1. चिनार पार्क (ईस्ट), भोपाल 462011
फोन न.– +91-755-2578801-02-03-04, Fax: +91-755-2550498,
E-mail: vyapam @mp.nic.in, website: www.vyapam.nic.in, www.peb.mp.gov.in

# समूह–5 के अन्तर्गत फार्मासिस्ट, प्रयोगशाला तकनीशियन, रेडियोग्राफर, नेत्र सहायक, सहा. पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी, प्रयोगशाला सहा.(औषधि), महिला बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता (ए.एन.एम.) एवं अन्य रिक्त पदों की पूर्ति हेतु भर्ती परीक्षा–2017

## परीक्षा संचालन एवं भर्ती नियम पुस्तिका

| ऑनलाईन आवेदन–पत्र | | | |
|---|---|---|---|
| भरने की प्रारम्भ तिथि | : 01 –03–2017 | भरने की अंतिम तिथि | : 17 –03–2017 |
| आवेदन मे संशोधन करने की प्रारम्भ तिथि | : 01 –03–2017 | में संशोधन करने की अंतिम तिथि | : 18 –03–2017 |
| परीक्षा दिनांक व दिन | | 15–16 अप्रैल 2017 शनिवार, रविवार | |

| परीक्षा शुल्क | | |
|---|---|---|
| सीधी भर्ती पदो हेतु | अनारक्षित अभ्यर्थियों के लिये | **रू. 500/– प्रति प्रश्न पत्र** |
| | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/ निःशक्तजन अभ्यर्थियों के लिये ( केवल म.प्र. के मूल निवासियो के लिये ) | **रू. 250/– प्रति प्रश्न पत्र** |
| बैगा, सहारिया एवं भारिया विशेष अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिये | | कोई शुल्क नहीं |
| कियोस्क के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन–पत्र भरने वाले अभ्यर्थियों हेतु एम.पी. ऑनलाईन का पोर्टल शुल्क रू. 70/– देय होगा। कियोस्क के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन–पत्र न भरने वाले अभ्यर्थियों हेतु पोर्टल शुल्क रू. 40/– देय होगा। | | |

## आनलाईन परीक्षा पद्धति समय सारणी

| परीक्षा दिनांक एवं दिन | परीक्षा की पाली | अभ्यर्थियों के लिये रिपोटिंग समय | महत्वपूर्ण निर्देश पढने का समय | उत्तर अंकित का समय |
|---|---|---|---|---|
| 15–16 अप्रैल 2017 शनिवार, रविवार | एक | प्रातः 07:30 बजे | 08:50 से 09:00 बजे तक (10 मिनट) | प्रातः 09:00 से 11:00 बजे तक (2:00 घंटे) |
| | द्वितीय | दोपहर 1:30 बजे | 02:50 से 03:00 बजे तक (10 मिनट) | दोपहर 03:00 से 05:00 तक (2:00 घंटे) |

टिप्पणी :–

1. परीक्षार्थियों को परीक्षा में रिपोटिंग समय के 30 मिनिट पश्चात तक परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति होगी । इसके पश्चात विलम्ब से आने वाले अभ्यथियों को प्रवेश की पात्रता नहीं होगी ।
2. परीक्षा कक्ष में मोबाईल फोन, केल्कुलेटर, लॉग टेबल्स, नकल पर्चा एवं इलेक्ट्रनिक डिवाईस आदि का उपयोग पूर्णतः वर्जित है।
3. **ऑनलाईन आवेदन–पत्र क्रमांक के द्वारा ही लिखित परीक्षा हेतु अभ्यर्थी अपना प्रवेश–पत्र प्राप्त कर सकते हैं। अतः आवेदन–पत्र क्रमांक आवश्यक रूप से संभाल कर रखें, जिसकी समस्त/जिम्मेदारी आवेदक की ही होगी।**
4. परीक्षा केन्द्र पर आवेदक को काला बॉलप्वाइंट पेन (उपस्थिति पत्रक पर हस्ताक्षर एवं अन्य लिखित कार्य हेतु) तथा परीक्षा हाल में प्रवेश हेतु मंडल की वेबसाइट से डाउनलोड किये गये प्रवेश–पत्र साथ लाना अनिवार्य है
5. पी.ई.बी. द्वारा आयाजित परीक्षाओं में मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के रूप में अभ्यर्थी **मतदाता पहचान पत्र, पेनकार्ड, आधार कार्ड, ड्रायविंग लायसेस, अंकसूची मय फोटोग्राफ, तथा पासपोर्ट में से कोई एक को चयनित कर सकता है । ई आधार मान्य नहीं है।**
6. मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के अभाव में उसे परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित किया जाएगा।
7. मध्यप्रदेश के विशेष आदिम जनजाति समुदाय जैसे बैगा, सहारिया एवं भारिया अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को अकार्यपालिक पदों के लिये अपने आवेदन पत्र समस्त आवश्यक प्रमाण पत्र संलग्न करते हुये हॉर्डकॉपी में निर्धारित (नियम पुस्तिका के प्रारूप–5 में ) आवेदन–पत्र भरने की अंतिम तिथि तक पी.ई.बी को न भेजते हुये सीधे संबंधित विभाग को में पृथक – पृथक पदों हेतु पृथक – पृथक आवेदन प्रेषित करना होगा । **पी.ई.बी. को प्रेषित आवेदन पत्र अमान्य** माना जायेगा।

## खण्ड–स

### 3.38 आवेदन पत्र भरने की समयावधि

| ऑनलाईन आवेदन पत्र | | | ऑनलाईन आवेदन में संशोधन | | |
|---|---|---|---|---|---|
| भरने की प्रारंभिक तिथि | भरने की अंतिम तिथि | भरने के कुल दिवस | करने की प्रारंभिक तिथि | करने की अंतिम तिथि | करने के कुल दिवस |
| 01–03–2017 | 17–03–2017 | 15 | 01–03–2017 | 18–03–2017 | 18 |

### 3.39 आनलाईन परीक्षा का विवरण

| स.क्रं. | पाली | दिनांक | दिन | अवधि | समय | अधिकतम अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रथम | 15–16 अप्रैल 2017 शनिवार, रविवार | शनिवार एवं रविवार | 02 घंटे | प्रातः 09:00 से 11:00 तक | 100 |
| 2 | द्वितीय | | | | प्रातः 03:00 से 05:00 तक | |

परीक्षा में हिन्दी/अंग्रेजी माध्यम में वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न होंगे, जिनमें प्रत्येक प्रश्न के चार संभावित उत्तर/विकल्प दिये रहेंगे। परीक्षार्थी को सही उत्तर चुनकर उससे संबंधित गोले को कम्प्यूटर के माउस की सहायता से काला/क्लिक करना होगा।

### 3.40 (i) परीक्षा शुल्क :–

| स. क. | प्रश्नपत्रों की संख्या | अनारक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिये | अन्य पिछड़ा वर्ग/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिये (म.प्र. के मूल निवासियों के लिये) | निःशक्तजन अभ्यर्थियों के लिये (म.प्र. के मूल निवासियों के लिये) | आवेदन पत्र जमा करने के लिये एम.पी ऑन लाईन का पोर्टल शुल्क | सीधी भर्ती बैकलॉग के अभ्यर्थियों के लिये |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | एक | 500/– प्रति प्रश्न पत्र | 250/– प्रति प्रश्न पत्र | प्रति प्रश्न पत्र 250/– | कियोस्क के माध्यम से भरने पर 70/– कियोस्क के माध्यम से न भरने पर 40/– | निरंक |

### (ii) संशोधन किये जाने पर देय शुल्क

| स.क. | प्रश्नपत्रों की संख्या | आवेदन पत्र में प्रत्येकवार संशोधन किये जाने पर शुल्क | आवेदन पत्र में प्रत्येकवार संशोधन किये जाने पर पोर्टल शुल्क |
|---|---|---|---|
| 01. | एक | 20/– | 50/– |

### 3.41 परीक्षा शहर :–

लिखित परीक्षा निम्नलिखित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी । मण्डल अपनी सुविधानुसार परीक्षा शहरो/केन्द्रों में परिवर्तन, कमी या वृद्धि कर सकता है। परीक्षा आनलाईन पद्धति से आयोजित है अतः परीक्षा शहर एवं परीक्षा केन्द्रो की उपलब्धता के अनुरूप अभ्यर्थियों को भी वांछित परीक्षा शहर के स्थान पर अन्य परीक्षा शहर आवंटित किया जा सकता है ।

| आनलाईन परीक्षा केन्द्र | | |
|---|---|---|
| 1. भोपाल | 2. इन्दौर | 3. जबलपुर |
| 4. ग्वालियर | 5. सागर | 6. उज्जैन |
| 7. सीधी | 8. सतना | |